भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2949

15 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

मॉयल इंडिया लिमिटेड

2949. डॉ. ढालसिंह बिसेन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मॉयल इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत बालाघाट संसदीय चुनाव क्षेत्र में स्थित विभिन्न खानों के नामों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या खान क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों को मॉयल कंपनी द्वारा गोद लेने के लिए कोई प्रावधान है;

(ग) यदि हां, तो बालाघाट संसदीय चुनाव क्षेत्र में मॉयल इंडिया लिमिटेड द्वारा गोद लिए गए गांवों का खान-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मॉयल इंडिया लिमिटेड द्वारा गोद लिए गए गांवों में मॉयल इंडिया प्रबंधन द्वारा गाँवों के विकास के लिए कोई निधि देने का प्रावधान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) गत पांच वर्षों के दौरान इन गांवों में किए गए विभिन्न कार्यों का खान-वार ब्यौरा क्या है तथा इस पर कितना खर्च आया है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): बालाघाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मॉयल की चार (04) खदानें नामतः बालाघाट, तिरोडी, सीतापटोरे और उक्वा है।

(ख) से (घ): कंपनी (मॉयल) द्वारा खदान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँवों को गोद लेने का कोई प्रावधान नहीं है। तथापि, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार मॉयल सहित इस्पात मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान अर्जित औसत निवल लाभ का न्यूनतम 2% निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) क्रियाकलापों के लिए निर्धारित करते हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में सीएसआर क्रियाकलापों के मुख्य क्षेत्रों को मोटे तौर पर सूचीबद्ध किया गया है और इसमें अन्य बातों के साथ-साथ शिक्षा तथा

स्वास्थ्य का संवर्धन, महिला सशक्तिकरण, जल तथा स्वच्छता सुविधाओं तक पहुँच, पर्यावरणीय संधारणीयता, व्यावसायिक कौशल का उन्नयन करना इत्यादि शामिल हैं। मॉयल सहित इस्पात मंत्रालय के अधीन सीपीएसई द्वारा सीएसआर क्रियाकलाप/परियोजनाएं मुख्य रूप से संयंत्रों, टाउनशिप तथा खदानों के परिधीय क्षेत्रों में और इसके आसपास चलायी जाती हैं।

(ङ): मॉयल ने दिशानिर्देशों के अनुसार बालाघाट निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न सीएसआर क्रियाकलाप शुरू किए हैं, जिनमें बालाघाट खदानों के निकट चिन्हित पाँच गाँवों नामतः अवालाजारी, भारवेली, हीरापुर, मंजारा और तवाजरी में सामुदायिक विकास कार्यक्रम शामिल हैं। विगत 05 वर्षों में सीएसआर क्रियाकलापों के तहत बालाघाट निर्वाचन क्षेत्र में खर्च की गई धनराशि निम्नानुसार है:-

वर्ष	**कुल धनराशि (लाख में)**
2016-17	338.82
2017-18	481.12
2018-19	154.99
2019-20	181.06
2020-21	257.17
कुल	1413.16

****